विधानसभा चुनाव के...

बूथ पूर्व से चिह्नित किये गये हैं. अब इन बूथों की जांच के बाद ही यह जानकारी होगी कि वहां तक मतदाताओं को पहुंचने का मार्ग सही है या नहीं. इसके अलावा वहां पर मतदाताओं को बूथ पर दी जानी वाली सुविधाओं की स्थिति क्या है. उन्होंने बताया कि इसकी पूरी रिपोर्ट तैयार की जायेगी. उसके बाद निर्वाचन आयोग के आदेश और अनुमति मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी. गौरतलब है कि इस बार के विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव आयोग ने बिहार में एम-3 मॉडल की नयी इवीएम से मतदान कराने का निर्णय लिया है. इससे उम्मीदवारों की संख्या अधिक होने के बावजूद कोई परेशानी नहीं होगी.